कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दिनांक : 28/09/2022

गर्ल्स कॉलेज में पोषण माह

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग द्वारा पोषण माह का आयोजन किया गया विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता सहगल ने बताया कि इस अवसर पर कई कार्यक्रम जैसे पोषण पोस्टर प्रदर्शनी , पोषण स्लोगन, पोषण वाटिका का निर्माण एवं पोषण क्विज प्रति योगिताएं आयोजित की गई । इस अवसर पर **महाविद्यालय** के प्राचार्य डॉ.सुशील चंद्र तिवारी ने कहा कि विभाग द्वरा आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों एवं समाज के लिए अत्यंत उपयोगी है यह कार्यक्रम लोगों को अपने पोषण के प्रति जागरूक करने एवं कुपोषण को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे । उन्होंने छात्राओं को यह जानकारी अपने आस-पास के लोगों को प्रदान कर पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ मीनाक्षी अग्रवाल ने बताया कि पोस्टर प्रदर्शनी के अंतर्गत लगभग 40 छात्राओं ने भाग लिया जिन्होंने पोस्टर के माध्यम से संतुलित भोजन, पोषणथाली, गर्भावस्था एवं धात्री अवस्था में पोषण ,पोषक तत्व एवं उनके लाभ से संबंधित पोस्टर का प्रदर्शन किया।

छात्राओं को ऑर्गेनिक खेती एवं पोषण उद्यान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से पोषण वाटिका का निर्माण कराया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। उन्होंने ना केवल पोषण वाटिका तैयार की बल्कि उनसे होने वाले लाभ की जानकारी भी प्रदान की। रसोई में काम आनेवाले विभिन्न प्रकार के मसालों जैसे राई ,जीरा, धनिया, अजवाइन ,करीपत्ता, हल्दी ,तुलसी ,प्याज ,**मेथी**, लहसुन आदि लगभग 35 पौधे को उगाया और उनके लाभ से संबंधित जानकारी प्रदर्शित की।

स्लोगन प्रतियोगिता में छात्राओं ने स्लोगन के माध्यम से लोगों को संतुलित आहार ले ने एवं जंकफूड से दूर रहने और कुपोषण से बचने के उपाय बताए।

क्विज के अंतर्गत पोषण से संबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया सही उत्तर देने वाली छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।

पोषण माह के आयोजन में डॉ अलका दुग्गल ,डॉ रेशमा लाकेश, डॉ तोषिना तैलंग एवं सुश्री तबस्सुम अली का विशेष योगदान रहा।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में पोषण माह